हरिभूमि

जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 37 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 24 .0 डिग्री से.

10 जींदः योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का...



10 निपुण मिशन में रामलीला के जरिये निखरेगा बच्चों का....



खबर संक्षेप

दो कारों की भिड़ंत में 3 घायल, मामला दर्ज

जींद। गांव लिजवाना कलां तथा जुलाना के बीच दो कारों के बीच हुई भिड़ंत में एक कार सवार में सवार तीन लोग घायल हो गए। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दूसरे कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव लिजवाना कलां निवासी विनोद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने परिवार के साथ कार में सवार होकर मंदिर में जा रहा था। जब वह गांव तथा जुलाना के बीच पहुंचा तो सामने से आ रही दूसरी कार ने उसकी कार को टक्कर मार दी।

दुकान से नकदी चोरी का आरोपित गिरफ्तार

जींद। सीआइए नरवाना की टीम द्वारा नरवाना में दुकान से नकदी चोरी के मामले में चोर को काबू किया है। आरोपित की पहचान फ्रांसवाला रोड कैथल निवासी नवाज अली के रूप में हुई है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। नरवाना निवासी सुनील ने गत 18 सितंबर को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी दुकान से किसी अज्ञात व्यक्ति ने 30 हजार रुपये चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने सुनील की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी थी।

पाइप चोरी मामले का आरोपित गिरफ्तार

जींद। निडाना गांव में बिछाई जा रही पेयजल पाइपलाइन को चोरी करने के आरोपित को जुलाना थाना पुलिस ने राजस्थान के जिला खैरथल तिजारा के गांव नाखनौल निवासी अजरूद्दीन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित से 60 हजार रुपये की नगदी बरामद की है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। जुलाना थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कमल सिंह ने बताया कि रोहतक के आजादगढ़ निवासी सुधीर ने पुलिस को शिकायत देकर कहा था कि वह जनस्वास्थ्य विभाग के लिए काम करता है।

मकान से नकदी और जेवरात चोरी, केस दर्ज

जींद। शिवपुरी कालोनी में परिवार के लोग निर्माणाधीन मकान पर गए हुए थे। पीछे से चोरों ने उनके मकान से पचास हजार रुपये की नगदी तथा सोने, चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। शिवपुरी कालोनी निवासी रामनिवास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह किराये के मकान से दूर अपने मकान का निर्माण कर रहा है। गत दिवस वह अपने परिवार समेत निर्माणाधीन मकान पर था।

नाथजी आईटीआई में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव कल

उचाना। नाथजी प्राइवेट आईटीआई पालवां रोड पर 6 अक्टूबर को कैंपस प्लेसमेंट एवं ऑन-जॉब ट्रेनिंग ड्राइव आयोजित की जाएगी। कंपनी करीब 200 पदों के लिए विद्यार्थियों का चयन करेगी। इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, वेल्डर, मशीनिस्ट व मोटर व्हीकल फिटर सहित संबंधित ट्रेडों के योग्य विद्यार्थी इसमें भाग ले सकेंगे। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण, तकनीकी कौशल विकास और इंडस्ट्री एक्सपोजर के साथ स्टाइपेंड मिलेगा। सुशील श्योकंद ने योग्य विद्यार्थियों से अधिक संख्या में पहुंचकर अवसर का लाभ उठाने की अपील की।

मोर्चरी हाउस के पास से एक बाइक चोरी

कैथल। सिविल अस्पताल परिसर स्थित मोर्चरी हाउस के पास से एक बाइक चोरी हो गई। मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पिलनी गांव निवासी चरण सिंह ने बताया कि उसने अपनी बाइक 26 सितंबर की रात करीब 9 बजे सिविल अस्पताल के मोर्चरी हाउस के पास खड़ी की थी। अगले दिन 27 सितंबर की सुबह करीब 6 बजे मौके पर पहुंचा तो मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली।

बात्ता में जलभराव से हालत खराब, वाहनों के लिए एक लाइन तक सिमटा मार्ग

चंडीगढ़-हिसार फोरलैन राष्ट्रीय मार्ग की रिपेयर व सफाई के दावों की निकली हवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के साथ-साथ जिला कैथल में चंडीगढ़-हिसार फोरलैन राष्ट्रीय मार्ग पर लंबे समय से सड़क सुरक्षा की बजाए हादसों की स्थिति से निरंतर यात्रियों का सामना हो रहा है। इन दुर्घटनाओं में कई जानें गई हैं जबकि अनगित को चोटों के घाव मिले हैं। बावजूद इसके मुख्य मार्ग की रिपेयर एवं रखरखाव के मामले में नेशनल हाईवे अथॉरिटी आफ इंडिया यानी एनएचएआई व्यवस्था को लेकर कहीं न कहीं गंभीरता का परिचय नहीं दे रहे। ऐसे में सड़क सुरक्षा को लेकर किए जा रहे दावे दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। स्थिति इस कदर खराब है कि नेशनल हाईवे पर स्थित गांव बात्ता में सालों से सर्विस रोड का एक बड़ा हिस्सा लगातार गंदे पानी की दलदल से लबालब है। इन परिस्थितियों में सर्विस रोड दो लाइनों की बजाए वाहनों की एक लाइन चलने तक सिमट कर रह गया है। हरियाणा राज्य परिवहन विभाग की नीति अनुसार यात्रियों की सुविधा के लिए सरकारी व निजी बस पूल के ऊपर की बजाए सर्विस रोड पर स्टाप जरूरी है। इसके बावजूद भी महाराणा प्रताप चौक से कुछ दूरी

शिमला से कैथल सीमा तक नाले, लाइट और सफाई व्यवस्था में सुधार की दरकार



कलायत। नेशनल हाइवे पर सड़क सुरक्षा एवं दावों की खुलती पोल। फोटो :हरिभूमि

पर बात्ता गांव में सर्विस रोड जल जमाम के कारण अपना स्वरूप खो चुका है। इसी तरह कलायत के गांव शिमला से जिला कैथल की सीमा तक इस मार्ग पर पानी निकासी नालों, लाइटों व अन्य सुविधाओं के मामलों में सुदृढ़ करने की सख्त जरूरत है।

मुख्य मार्ग पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए जो पौधे व फूल गुलजार रहने थे वे तेजी से जंगली वनस्पति में तबदील हो रहे हैं। कई स्थालों पर मार्ग को रोशन रखने वाली लाइटें खराब हैं जबकि कुछ पोल डिवाइडर पर टूटे पड़े हैं। दीगर है कि 12 वर्ष पहले 19 अगस्त 2014 को पीएम नरेंद्र मोदी ने कैथल की धरती से फोरलेन सडक़ योजना की बड़ी सौगात हरियाणा को दी थी। इसके तहत हरियाणा से राजस्थान बार्डर तक की महत्वपूर्ण सडक़ परियोजना का शिलान्यास किया गया था। यह मार्ग कलायत, नरवाना बरवाला, हिसार और सिवानी से होते हुए राजस्थान तक जाता है। शिलान्यास के अवसर पर पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ा संदेश दिया था। लेकिन 1393 करोड़ों की फोरलेन योजना को लेकर एनएचएआई अधिकारियों को अपेक्षाकृत ज्यादा कुशलता से करने की जरूरत है। क्षेत्र के समाज सेवी संगठनों ने राष्ट्रीय मार्ग पर पानी निकासी नालों, सफाई व अन्य रिपेयर कार्यों को धरातल पर पूरा करने की मांग की है। इनका कहना है कि हालात खराब होने के बाद भी विभागीय अधिकारी आखिकार किस आधार पर संबंधित एजेंसियों को भुगतान कर रहे हैं। सड़क मार्गों को मजबूत करना जरूरी है। नेशनल हाईवे सही मायने में कलायत ही नहीं हरियाणा की आत्मा है। इसके समग्र विकास एवं रखरखाव से सुगम यातायात व रोजगार की संभावनाएं प्रबल होती हैं। इसलिए सरकार ऐसी नीति बनाए जिसके तहत मुख्य मार्गों के रखरखाव एवं सफाई का जिम्मा संभालने वाली एजेंसियों की धरातल पर निगरानी हो। जो पैसा सरकार सुविधाएं मजबूत करने को देती है उसका पूरी तरह सही उपयोग हो।

एनएचएआई से होगा पत्राचार

सांसद नवीन जिंदल कैथल हाउस प्रभारी रवींद्र धीमान ने कहा कि चंडीगढ़-हिसार राष्ट्रीय फोरलैन मार्ग के माध्यम से लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए सरकार पूरी तरह गंभीर है। जो समस्याएं मुख्य मार्ग पर हैं उनके निवारण के लिए एनएचएआई के साथ पत्राचार किया जाएगा।



पूंडरी। सड़क पर असंतुलित हालत में पराली से भरी ओवरलोड ट्राली, जिसके पलटने का बना हुआ था खतरा। फोटो :हरिभूमि

ओवरलोड वाहनों से हादसों का खतरा, राहगीरों में दहशत

■ सड़कों पर बेखौफ दौड़ रही ऐसी ट्रालियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी क्षेत्र की सड़कों पर पराली से भरी ओवरलोड ट्रालियां इन दिनों राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं। रविवार को एक ऐसी ट्राली सड़क से गुजरती दिखाई दी, जिसमें पराली इस कदर भरी हुई थी कि वह कभी भी पलटने की स्थिति में नजर आ रही थी। ट्रॉली को देखकर उसके पास से गुजरने वाले वाहन चालक और राहगीर भी सहमे हुए दिखाई दिए। राहगीरों का कहना था कि पराली से लदी यह ट्राली इतनी असंतुलित थी कि ऐसा लग रहा था मानो अब पलटी और अब पलटी। ऐसे में सबसे बड़ा डर यह था कि कहीं ट्राली अचानक पलटकर किसी वाहन या राहगीर के ऊपर न जा गिरे। वाहन चालक भी ट्राली के पास से गुजरते समय काफी सतर्क नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कों पर इस तरह पराली से ओवरलोड ट्रालियों का चलना कोई नई बात नहीं है। प्रतिदिन ऐसी ट्रालियां सड़कों पर दौड़ती नजर आती हैं। कई बार इनमें क्षमता से अधिक पराली भरी होती है, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ने का खतरा बना रहता है। इसके बावजूद इन पर रोक लगाने या नियमों का पालन करवाने वाला कोई नजर नहीं आता। लोगों ने प्रशासन और यातायात पुलिस से मांग की है कि सड़कों पर इस प्रकार ओवरलोड और असुरक्षित तरीके से पराली लेकर चलने वाली ट्रालियों के खिलाफ अभियान चलाया जाए। लोगों का कहना है कि किसी बड़े हादसे के बाद कार्रवाई करने के बजाय समय रहते ऐसे वाहनों पर अंकुश लगाया जाना चाहिए, ताकि राहगीरों और चालकों की जान को खतरे में पड़ने से बचाया जा सके।

रात के समय गश्त बढ़ाए पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ गांधी नगर में महिला से चेन झपटने की घटना को लेकर सुरक्षा पर सवाल

हरियाणा के जींद के गांधी नगर जैसे रिहायशी क्षेत्र में एक महिला के गले से सोने की चेन झपटने की घटना पर महाराजा अग्रसेन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के चेयरमैन महावीर गुप्ता ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि रिहायशी इलाके में इस प्रकार की वारदात होना गंभीर चिंता का विषय है। इससे आम लोगों, विशेषकर महिलाओं में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ती है। उल्लेखनीय है कि गांधी नगर निवासी कॉन्ट्रेक्टर दीपक गोयल की पत्नी सोनिया रात को अपनी पड़ोसन के साथ गली में टहल रही थी। इसी दौरान पीछे से आए एक अज्ञात युवक ने अचानक उसके गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़ ली और मौके से फरार हो गया। अचानक हुई इस घटना से महिला घबरा गई और उसने अपनी पड़ोसन के साथ शोर मचाया। शोर सुन कर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे और आरोपित युवक का पीछा करने का प्रयास किया लेकिन युवक अंधेरे का फायदा उठाकर गलियों में भागने में कामयाब हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आरोपित की तलाश शुरू की लेकिन फिलहाल उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। महावीर गुप्ता ने पुलिस प्रशासन से मांग की कि इस घटना के संबंध में सामने आए सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपी की पहचान की जाए और उसे जल्द गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शहर में विशेषकर रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस की नियमित गश्त से असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाया जा सकता है और अपराधियों में पुलिस का भय कायम होगा।

स्थायी कर्मचारी का दर्जा दिए जाने की मांग

■ आशा, मिड-डे मील वर्कर्स का प्रदर्शन सांसद प्रतिनिधि को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्कीम वर्कर्स ने रविवार को अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर सोनीपत सांसद सतपाल ब्रह्मचारी के प्रतिनिधि वजीर गांगोली को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन से मिड डे मिल वर्कर्स एवं आशा वर्कर्स लघु सचिवालय के बाहर जिला अध्यक्ष नीलम तथा मिड डे मिल वर्कर्स यूनियन की जिला उपप्रधान पिंकी की अध्यक्षता में एकत्रित हुई। वर्करों को संबोधित करते हुए आशा वर्कर यूनियन की जिला उपप्रधान मुकेश तथा मिड डे मिल वर्कर्स यूनियन जिला सहसचिव कविता ने कहा कि आंगनवाड़ी, आशा, मिड डे मिल सहित विभिन्न स्कीमों में काम करने वाली लाखों महिला वर्कर्स सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को जमीन पर लागू कर रही हैं लेकिन उन्हें आज तक कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया गया। बेहद कम मानदेय पर काम लेने के बावजूद काम का लगातार बोझ बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार एक तरफ विकास और जनकल्याण के बड़े-बड़े दावे करती है लेकिन दूसरी तरफ शिक्षा, स्वास्थ्य, मनरेगा और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि देश की सार्वजनिक संपत्तियों और सरकारी संस्थाओं को निजी एवं कॉरपोरेट हितों के हवाले करने की नीतियों का सबसे ज्यादा असर गरीब, मजदूर, किसान और कर्मचारी वर्ग पर पड़ रहा है। इस मौके पर राजरानी, सुमन, पूनम, राजबाला, सुनीता, कविता, अंजू, अंग्रेजों आदि भी शामिल रहे।



जींद। लघु सचिवालय के बाहर धरने पर बैठी स्कीम वर्कर्स। फोटो :हरिभूमि

शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

युवती को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने तथा जबरन गर्भपात करवाने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने दो भाइयों के खिलाफ यौन शोषण करने, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। शहर थाना इलाका नरवाना की एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि धर्म सिंह कालोनी निवासी दीपक ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबध बना लिए। सिलसिल एक मार्च से गत एक जून तक जारी रहा। जिसके चलते वह गर्भवती हो गई। आरोपित ने जबरन गर्भपात करवा दिया। जब भी दीपक से शादी की बात करती तो आरोपित कुछ समय इंतजार करने की बात करता। गर्भपात करवाने के बाद जब उसने शादी के लिए दबाव डाला तो आरोपित ने शादी करने से साफ मना कर दिया। जिस पर उसने दीपक के बड़े भाई को अवगत करवाया। आरोपित ने उसको बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपित तथा उसके भाई के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

ओटीपी और फर्जी लिंक से रहें सावधान

■ साइबर ठगी से बचने को जीआरपी ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

साइबर ठगी की बढ़ती घटनाओं को देखते जीआरपी की ओर से उचाना रेलवे स्टेशन पर विशेष साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान उचाना रेलवे चौकी इंचार्ज विनोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों और आम नागरिकों को साइबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी दी। पुलिस टीम ने प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय और टिकट काउंटरों पर पहुंचकर यात्रियों से संवाद किया। पुलिसकर्मियों ने बताया कि साइबर ठग अलग-अलग तरीकों से लोगों को अपने जाल में फंसाकर उनके बैंक खातों से रकम निकाल रहे हैं। ठग फर्जी लिंक भेजने, बैंक अधिकारी बनकर फोन करने तथा ओटीपी और अन्य गोपनीय जानकारी हासिल करने जैसे तरीके अपना रहे हैं। पुलिस ने यात्रियों को सलाह दी कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाते की जानकारी, एटीएम, डेबिट या क्रेडिट कार्ड की डिटेल और मोबाइल पर आने वाला ओटीपी साझा न करें। अनजान नंबर से आए लिंक पर क्लिक करने से भी बचें और किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत संबंधित पुलिस या साइबर हेल्पलाइन से संपर्क करें। टीम ने यात्रियों से स्वयं जागरूक रहने के साथ परिवार आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की।



जीआरपी की ओर से उचाना रेलवे स्टेशन पर चलाया गया विशेष साइबर जागरूकता अभियान।

उपभोक्ता के खाते से 1.4 लाख रुपये गायब, केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपभोक्ता के खाते से एक लाख चार हजार रुपये गायब होने पर साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मनोहरपुर निवासी ओमप्रकाश ने शिकायत में बताया उसका बैंक में खाता है। जिसके साथ उसका मोबाइलन फोन भी जुड़ा हुआ है। गत 23 जुलाई को वह बैंक में जरूरत पडने पर रुपये निकलवाने गया था। उसे पता चला कि उसके खाते मे 1450 रुपये बकाया बचे हुए थे। जब उसने स्टेटमेंट को निकलवाया तो पता चला कि 11 जुलाई 4995 निकलवाए गए थे। रुपये निकलवाने का सिलसिला 14 जुलाई तक जारी रहा। जबकि उसके फोन पर न कोई ओटीपी आया और न ही कोई लिंक को क्लिक किया। साइबर थाना पुलिस ने ओमप्रकाश की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर थाना के जांच अधिकारी जगदीप ने बताया कि खाते से रुपये गायब होने की शिकायत मिली थी।

पीएम मोदी का कार्यकर्ताओं से लगाव अनुकरणीय, चाय पर चर्चा में जाना जानकारों का हाल-चाल

हरियाणा के खिलाड़ियों ने विश्व में बढ़ाया मान : डॉ. मिड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि हरियाणा आज खेलों से लेकर कृषि और व्यापार तक हर क्षेत्र में देश ही नही बल्कि वैश्विक पटल पर अपनी अमिट छाप छोड़ रहा है। राज्य के खिलाडिय़ों की बदौलत पूरे विश्व में प्रदेश का नाम रोशन हो रहा है। हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढा हरियाणा के जींद में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उनके साथ सफीदों से विधायक रामकुमार गौतम भी मौजूद रहे। लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने ने प्रदेश के खिलाडिय़ों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणा के खिलाड़ी लगातार मेडल लाकर राज्य का सिर ऊंचा कर रहे हैं। विशेष रूप से जींद क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि कबड्डी की होनहार बेटी नीरू ढांडा, जिन्होंने दो स्वर्ण पदक जीत कर देश का नाम रोशन किया है वो 17 अक्टूबर को अपने गृह क्षेत्र लौट रही हैं। वह राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर आएंगी, जो पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण होगा। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमक बिखरने वाली बेटी ज्योति रानी के स्वागत में भी भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बेटियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए विधानसभा उपाध्यक्ष ने कहा कि आज हमारी बेटियाँ किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। वे एक ओर जहां पारिवारिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभाती हैं, वहीं दूसरी ओर शिक्षा और खेल जगत में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक स्वर्ण पदक जीत कर बेटियों ने साबित कर दिया है कि वे देश का असली स्वाभिमान हैं। पत्रकार वार्ता में सफीदों विधायक रामकुमार गौतम ने क्षेत्र के प्रतिभावान खिलाडिय़ों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि खिलाडिय़ों की मेहनत से पूरे देश और प्रदेश का नाम रोशन हुआ है। उन्होंने बताया कि सफीदों विधानसभा क्षेत्र के गांव रिठौली की बेटी ने एशियाई स्तर की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। विधायक ने घोषणा की कि वे स्वयं गांव जाकर इस होनहार बेटी का नागरिक अभिनंदन करेंगे और आगामी सात तारीख को जिला स्तर पर भी उसे विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।



पत्रकारों से बात करते डॉ. कृष्ण मिड्ढा।

कार्यकर्ताओं के प्रति असीम प्रेम

नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई मुलाकात का अनुभव सांझा करते हुए नेताओं ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चाय पर चर्चा अत्यंत आत्मीय और प्रेरणादायी रही। डा. मिड्ढा और रामकुमार गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री का व्यक्तित्व अत्यंत सहज और दूरदर्शी है। चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक व जैविक खेती, टेल तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था और उर्वरक, खाद प्रबंधन जैसे जनहित से जुड़े गंभीर विषयों पर मार्गदर्शन दिया। इसके साथ हीए प्रधानमंत्री जी ने अपने पुराने दिनों के संगठन कार्य को याद करते हुए जींद, नरवाना और हांसी के अपने पुराने साथियों व उनके परिवारों का हाल-चाल भी पूछा, जो उनके कार्यकर्ताओं के प्रति असीम प्रेम को दर्शाता है।

गोली मार कर घायल करने का आरोपी काबू

जींद। सीआईए स्टाफ नरवाना ने गांव बेलरखां के निकट युवक को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल करने के आरोपित को गिरफ्तार गिरफ्तार किया है। सदर थाना नरवाना पुलिस ने इस मामले में पंजाब के तीन आरोपितों के खिलाफ जानलेवा हमला करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया हुआ है। गांव बेलरखा निवासी अजय (25) को गत दो अक्टूबर देर शाम को कार सवार युवकों ने गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना को अंजाम देकर आरोपित फरार हो चुके थे। पुलिस ने जांच को आगे बढाया तो पंजाब के डेरा साधुगढ़ निवासी कुलजीत सिंह, गुरजेंट सिंह, मंगल सिंह के नाम सामने आए। छानबीन में सामने आया कि आरोपितों के साथ घायल अजय का रुपयों को लेकर लेनदेन था।

खबर संक्षेप

महाराजा अग्रसेन जयंती 14 को मनाई जाएगी

उचाना। महाराजा अग्रसेन मंदिर उचाना मंडी में अग्रवाल समाज की बैठक आयोजित हुई। बैठक की प्रधान खुजान काकड़ोद ने की। 14 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में महाराजा अग्रसेन मंदिर धर्मशाला में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 11 लाख रुपए की राशि देने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और विधायक देवेंद्र अत्री का आभार व्यक्त करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

सम्मेलन में उमड़ी भीड़ का बृजेंद्र सिंह ने जताया आभार

उचाना। उचाना में आयोजित कांग्रेस के ब्लॉकस्तरीय सम्मेलन में कार्यकर्ताओं की ओर से बढ़-चढ़कर भाग लेने पर पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने आभार जताया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन की तैयारी के लिए बहुत कम समय मिला था, लेकिन कार्यकर्ताओं ने पूरी मेहनत की। इसका परिणाम रहा कि कम समय में तैयार किया गया पंडाल भी भीड़ के चलते छोटा पड़ गया। उन्होंने कहा कि उमस भरे मौसम के बावजूद प्रदेश प्रभारी संजय दत्त, प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, चौ. बीरेंद्र सिंह, सांसद कुमारी शैलजा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, विधायक आदित्य सुरजेवाला सहित अन्य नेताओं को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

जींद में स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारियों की बैठक

जींद। शहीद स्मारक में स्वतंत्रता सेनानी अधिकारियों की संगठन की मीटिंग अशोक मित्तल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सभी स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारियों ने स्वतंत्रता सेनानियों वह शहीदों को नमन किया और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में सभी स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखते हुए स्वतंत्रता सेनानी परिवारों की रूपरेखा बनाई। बैठक में तय किया गया कि पूरे जिला जींद की स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारियों की एक बैठक जल्द बुलाई जाएगी। दयानंद यादव, मोतीराम, सहीराम, धनपाल , सुभाष व अन्य साथी मौजूद रहे।

भगवानपुरा में चलाया सफाई अभियान

उचाना। सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव भगवानपुरा में भाजपा मंडल महामंत्री रमेश राणा की अध्यक्षता में सफाई अभियान चलाया। उचाना मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गांव में विभिन्न स्थानों पर सफाई कर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यकर्ताओं ने स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। अभियान में सत्यवान कौशिक, अनिल कुमार झील, हरदीप पांचाल, सोनू घसो, ध्यान सिंह घसो, पूर्व सरपंच सूबे सिंह, वीरेंद्र शर्मा, सुरेश राणा, छबीला, शिया राम सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गांव मलार में सेवा सेतु शिविर लगाया

जींद। ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उनके घर के नजदीक उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मलार गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंच कर विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की तथा पात्रता के अनुसार योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक प्रक्रिया के बारे में जानकारी हासिल की। कार्यक्रम में बीजेपी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सक्षम भाटिया ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। ऐसे शिविर विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए उपयोगी साबित हो रहे हैं।

काकड़ोद में आंगन मिलन कार्यक्रम

उचाना। सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव काकड़ोद में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला सचिव सतीशा देवी रहीं। उन्होंने कहा कि आंगन मिलन कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं और बच्चों से जुड़ी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जा रही है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी सर्कल सुपरवाइजर वर्षा रानी, शकुंतला श्योकंद और सुमन रानी सहित अन्य मौजूद रहीं।

राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में 19 अक्टूबर तक निपुण रामलीला

निपुण मिशन में रामलीला के जरिये निखरेगा बच्चों का भाषा कौशल

विद्यालय स्तर पर रामकथा के छोटे-छोटे प्रसंगों का मंचन कराया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

निपुण हरियाणा मिशन के तहत अब प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों में भाषा कौशल, अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए रामलीला को भी सीखने की गतिविधि के रूप में शामिल किया गया है।हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से प्रदेश के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में निपुण रामलीला आयोजित करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को रामकथा के छोटे-छोटे प्रसंगों का मंचन कराया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को केवल अभिनय का अवसर देना नही बल्कि उनके सुनने, बोलने, पढने, लिखने, शब्द पहचान, शुद्ध उच्चारण और प्रभावी अभिव्यक्ति जैसे भाषा कौशल को मजबूत करना है। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत प्राथमिक कक्षाओं में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में बच्चों को भाषा के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराने के लिए धारा प्रवाह पढना, शब्द पहचान, अक्षर ज्ञान और ध्वनि जागरूकता



जींद। रामलीला गतिविधि में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

जैसी गतिविधियां कराई जाती हैं। विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार निपुण रामलीला में विद्यार्थियों को अपनी बात कहने, बड़े एवं अन्य बच्चों के साथ बातचीत करने, रचनात्मक तरीके से अपनी बात रखने तथा आत्मविश्वास के साथ संवाद करने का अवसर मिलेगा। रामलीला की गतिविधि को बच्चों के भाषा विकास से जोड़ते हुए इसमें संवाद बोलने, पात्रों की भूमिका निभाने और कहानी को समझ कर प्रस्तुत करने पर जोर रहेगा। इससे बच्चों को सुनने-बोलने के साथ पढने और अभिव्यक्ति के कौशल का अभ्यास भी मिलेगा। निपुण रामलीला के दृश्यों का विद्यालयों में अभ्यास एक अक्टूबर 2026 से शुरू हो चुका है। इसके लिए विभाग की ओर से रामलीला के पांच छोटे-छोटे दृश्य सुझाए गए हैं। शिक्षक इन दृश्यों में से किसी एक का चयन कर विद्यार्थियों को तैयार कर सकते हैं अथवा अपनी सुविधा के अनुसार दृश्य की योजना बना सकते हैं। इसके लिए बाल राम कथा की पुस्तक अथवा पाठ का भी उपयोग किया जा सकता है। विद्यालयों में रामलीला का आयोजन 29 सितंबर से 19 अक्टूबर 2026 तक किसी भी कार्यदिवस में किया जा सकता है। इसके बाद समुदाय आधारित जिला स्तरीय निपुण रामलीला का आयोजन छह नवंबर तक किया जाना है। दिशा-निर्देशों में यह भी कहा गया है कि 21 से 30 अक्टूबर तक क्लस्टर, खंड एवं जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ तीन निपुण रामलीलाओं का चयन किया जाएगा। निपुण रामलीला में कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को अधिक से अधिक शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। विशेष रूप से कक्षा तीसरी, चौथी और पांचवीं के विद्यार्थियों को कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों की तुलना में बोलने के अधिक अवसर दिए जाने हैं। इस दौरान वाक्य पठन, अनुच्छेद पठन, समझ के साथ पढना और बोलने जैसी दक्षताओं को ध्यान में रखा जाएगा। विद्यालय मुखिया को अक्टूबर माह में निपुण हरियाणा के मूल्यांकन फॉर्म के माध्यम से बच्चों की प्रगति की जानकारी लेने के निर्देश भी दिए गए हैं। इस प्रकार रामलीला को केवल सांस्कृतिक कार्यक्रम न बनाकर बच्चों के सीखने और उनकी भाषा संबंधी दक्षताओं को परखने वाली गतिविधि के रूप में संचालित किया जाएगा। निपुण रामलीला को अधिक खर्चीला कार्यक्रम बनाने के बजाय स्थानीय संसाधनों के उपयोग पर जोर दिया गया है।

सर्वश्रेष्ठ तीन रामलीलाओं को मिलेगा पुरस्कार

जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने बताया कि दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय निपुण रामलीला का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय स्तर पर आयोजित रामलीलाओं में से सर्वश्रेष्ठ तीन का चयन कर उन्हें जिला स्तर पर प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया जाएगा। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली रामलीलाओं के लिए प्रथम पुरस्कार पांच हजार, द्वितीय पुरस्कार तीन हजार तथा तृतीय पुरस्कार दो हजार तय किए हैं। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम की तैयारी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए 10 हजार का प्रावधान किया है। इस प्रकार कुल 20 हजार की राशि खर्च की जा सकेगी।

वीडियो बनाकर होगा साझा

निपुण रामलीला की गतिविधियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ते हुए प्रत्येक विद्यालय के शिक्षक को उच्च गुणवत्ता वाले लैंडस्केप मोड में चार से पांच मिनट का वीडियो तैयार करने के निर्देश दिए हैं। वीडियो को इंस्टाग्राम, यूट्यूब और फेसबुक के माध्यम से सांझा किया जाएगा। साथ ही क्लस्टर स्तर पर वीडियो की समीक्षा के लिए भी साझा किए जाएंगें ताकि क्लस्टर स्तर पर होने वाली समुदाय आधारित जिला स्तरीय निपुण रामलीला के लिए बेहतर प्रस्तुतियों का चयन किया जा सके।


जींद। शिविर में योग करते साधक। फोटो :हरिभूमि

जींद: योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का लिया संकल्प

■ जिलेभर में गूंजा योग का संदेश, योग उत्सव में साधकों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारतीय योग संस्थान जयंती जिला की ओर से जिलेभर के विभिन्न जोनों में योग उत्सव का आयोजन किया । कार्यक्रमों में योग साधकों ने भाग लिया। इस दौरान विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं योग क्रियाओं का अभ्यास करवाते लोगों को स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम उपरांत प्रसाद का वितरण भी किया गया। बनखंड जोन की ओर से सिटी रेलवे स्टेशन पार्क के सामने योग उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा प्रांत उप प्रधान हरदीप सांगवान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। साधकों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम किए तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से योग के महत्व का संदेश दिया। इसी प्रकार शहरी जोन द्वारा किला पार्क में आयोजित योग उत्सव में प्रांतीय उप प्रधान होशियार सिंह आर्य मुख्यअतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान श्यामलाल गोयल ने की। अग्रसेन जोन द्वारा परशुराम वाटिका में योग उत्सव मनाया गया। यहां प्रांतीय सह प्रेस प्रवक्ता धर्मबीर दलाल ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की जबकि अध्यक्षता जिला उप प्रधान वीरेंद्र गोयल ने की। इन कार्यक्रमों में जिला प्रेस प्रवक्ता सोमनाथ गोयल, जोन प्रधान हितेश पंचाल, जिला प्रधान श्यामलाल, जिला उप प्रधान वीरेंद्र गोयल, पुष्पा गोयल सहित काफी संख्या में साधक मौजूद रहे। जिला प्रेस प्रवक्ता सोमनाथ गोयल ने कहा कि भारतीय योग संस्थान का मुख्य उद्देश्य योग के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है ताकि अधिक से अधिक लोग योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर स्वस्थए प्रसन्न और तनाव मुक्त जीवन जी सकें। कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि शरीर, मन और जीवनशैली में संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है।


जींद। स्टॉल पर जानकारी हासिल करते उचाना विधायक देवेंद्र अत्री।

सुरबरा में सेवा सेतु कैंप में विधायक ने की शिरकत

जींद। उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री ने सुरबरा गांव के राजकीय उच्च विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत लगाए गए विशेष कैंप में शिरकत की। कैंप में विभिन्न विभागों से पहुंचे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा उन्हें विभिन्न विभागों से जुड़ी हुई जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी दी। मौके पर बीडीपीओ शमशेर नैन तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि सेवा सेतु अभियान का मूल उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक सहज सरल और समयबद्ध तरीके से पहुंचाना है। ऐसे कैंपों के माध्यम से आमजन को अपनी समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता कम होती है और प्रशासनिक व्यवस्था सीधे नागरिकों के बीच पहुंचती है। प्रत्येक पात्र नागरिक तक सरकार की सुविधाओं का लाभ प्रभावी एवं समयबद्ध रूप से पहुंच सके।

पीएम के मूलमंत्र को धरातल पर उतार रहे विधायक अत्री

उचाना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भाजपा विधायकों को जनता के बीच रहकर सरकार की नीतियों और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का जो मूलमंत्र दिया गया है, उचाना विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री विधायक बनने के बाद से ही उसे धरातल पर उतारने में जुटे हैं। विधायक सप्ताह में पांच दिन उचाना हलके में रहकर लोगों से सीधा संवाद करते हैं। उनके आवास पर हर रोज करीब 400 लोग अपनी समस्याएं और मांगें लेकर पहुंचते हैं। पीएम मोदी द्वारा बालिका शिक्षा पर जोर दिया। आमजन के बीच विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की पहचान मिलनसार और लगातार लोगों के बीच रहने वाले जनप्रतिनिधि के रूप में बन रही है। विधायक लोगों की समस्याएं सुनने के साथ संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर उनके समाधान का प्रयास करते हैं।

संगठन की रीति व नीति और पंचायती राज व्यवस्था को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का मार्गदर्शन दिया

■ दो दिवसीय सर्वोदय संकल्प शिविर का सफल समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राजीव गांधी पंचायती राज संगठन हरियाणा के तत्वावधान में जींद जिला अध्यक्ष विजेन्द्र ढाठरथ के संयोजन में आयोजित दो दिवसीय सर्वोदय संकल्प शिविर का समापन ब्राह्मण धर्मशाला पिल्लूखेड़ा मंडी में सफलतापूर्वक हुआ। शिविर में संगठन को मजबूती प्रदान करने और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ पंचायती राज, कांग्रेस, कांग्रेस विचार धारा का प्रचार प्रसार और कांग्रेस विचार धारा को सशक्त बनाने पर गहन मंथन किया गया। शिविर में विशेष रूप से हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष फोम लाल फिरोजपुर, हरियाणा प्रदेश संगठन महामंत्री जसबीर सिंह पूनिया एवं राष्ट्रीय प्रशिक्षक विकास बुडानिया की उपस्थिति रही। सभी वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की विचारधारा, संगठन की रीति व नीति और पंचायती राज व्यवस्था को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का मार्गदर्शन दिया। शिविर में 260 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने दो दिन तक सहभागिता से प्रशिक्षण लिया। संगठन की कार्यकारी अध्यक्ष निर्मल चौहान, राज्य महासचिव संजय मलिक, राजीव श्योराण, राज्य सचिव कुलदीप सिंह सहित प्रदेश व जिला स्तर के अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


जींद। सम्मेलन में भाग लेते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता।

आभार जताया

शिविर में पूर्व विधायक सुभाष गांगोली, जिला अध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर, सांसद प्रतिनिधि वजीर, रणबीर भुसलाना, विक्रम कुंडू, बलजीत समरा, बलवान बाल्मीकि, सुरेन्द्र राणा, हैप्पी कालवा, विजयपाल सरपंच, पवन दुहन, सुमन बिटानी, देवी सिंह रोहड, सत्यवान शर्मा, अनिल खटकड़, ईश्वर अलेवा सहित सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। समापन पर जिला अध्यक्ष विजेन्द्र ढाठरथ ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते कहा कि संगठन गांव-गांव तक कांग्रेस की विचारधारा और पंचायती राज को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।


जुलाना। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र बांटते मुख्यातिथि पिंकी बैरागी।

गांव नंदगढ़ में हुआ आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम

जुलाना। जुलाना क्षेत्र के नंदगढ़ गांव में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पिंकी बैरागी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में क्षेत्र के 12 गांवों से आशा वर्कर्स और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण और मोटे अनाज के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते पिंकी बैरागी ने कहा कि एक स्वस्थ महिला ही स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकती है। इसलिए महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने के साथ-साथ महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए। गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार लेने और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाने से मां और बच्चे दोनों को स्वस्थ रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और इन्हें दैनिक भोजन में शामिल करने से शरीर को आवश्यक पोषण मिलता है।

जींद : सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं में नर्सिंग आफिसर्स आज सौंपेगी सिविल सर्जन को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य विभाग द्वारा लागू की जा रही ऑनलाइन ट्रांसफर पालिसी के विरोध में नर्सिंग आफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन के आह्वान पर नागरिक अस्पताल में भी सोमवार से सुबह दो घंटे तक हड़ताल हो सकती है। फिलहाल जिले की नर्सिंग आफिसर्स का कहना है कि सोमवार को सीएमओ को पहले अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपेंगी। इसके बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। वैसे स्टेट बाडी की तरफ से हड़ताल का निर्णय लिया जा चुका है। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग में लागू की जा रही नई आनलाइन ट्रांसफर पालिसी का नर्सिंग आफिसर्स विरोध कर रही हैं। उन्होंने पालिसी में भारी खामियों का आरोप लगाते हुए सरकार व स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नर्सिंग आफिसर्स ने यह स्पष्ट किया कि वह मरीजों की जान व उनके स्वास्थ्य के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हैं। अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को परेशानी नहीं हो, इसीलिए फिलहाल काम का बहिष्कार नहीं किया गया है। वहीं नर्सिंग आफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन की प्रदेशाध्यक्ष विनीता बांगड़ की तरफ से हड़ताल का नोटिस जिला स्तरीय कमेटी को भी जारी किया गया है। नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला सचिव सुनीता ने कहा कि स्टेट की तरफ से हड़ताल के लिए पत्र मिल चुका है। अभी तक हमने जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इसके बारे में अवगत नहीं करवाया है।

कोई सूचना नहीं मिलीः डॉ. रघुवीर

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि नर्सिंग आफिसर्स की तरफ से फिलहाल इस तरह के निर्णय की कोई सूचना नहीं है। यदि वह इस संबंध में कोई सूचना देते हैं तो स्वास्थ्य विभाग अपनी व्यवस्था करेगा। मरीजों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा।



जींद। रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

खून की हर बूंद इंसानी रिश्ते का सबसे बड़ा सबूत

जींद। युवा विकास समिति जींद के द्वारा गांव शामलो कलां बड़ी चौपाल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। युवा विकास समिति जींद के अध्यक्ष एवं जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढू ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर डा. राममेहर ने शिरकत की और युवाओं को बैज लगा कर उनका हौंसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि खून की एक-एक बूंद इंसानी रिश्ते का सबसे बड़ा सबूत है। युवा विकास समिति जींद बहुत ही बधाई की पात्र है। क्योंकि वह लगातार रक्तदान शिविरों का आयोजन करके रक्त की कमी को पूरा कर रही है। महासचिव विनोद शर्मा ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में 49 युवाओं ने रक्तदान किया है। युवाओं को रक्तदान समय-समय पर करते रहना चाहिए। राष्ट्रीय कवि ओमप्रकाश चौहान ने कहा कि रक्तदान की पूर्ति केवल मनुष्य के द्वारा ही पूरी की जा सकती है। इसीलिए हमें ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करना चाहिए। क्योंकि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है और शरीर में नई कोशिकाओं का निर्माण होता है। इसीलिए हमें अपने खान-पान पर ध्यान देकर स्वस्थ रहना चाहिए।

रानी तालाब के पास खाली पड़ी बेशकीमती जगह पर जल्द से जल्द पार्किंग बनवाई जाए : सुनील वशिष्ठ

राजकीय महाविद्यालय के गेट के सामने वाले गेट के आसपास खुला नजर आने लगा

एसपी आवास के सामने सर छोटू राम चौक निर्माण कार्य जल्द पूरा करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद की प्रमुख सड़क मेजर विनय चौधरी मार्ग (गोहाना रोड) जेल की दीवार पीछे हटने से काफी खुली और खूबसूरत दिखने लगी है। उस पर जेल मोड़ पर बनी पुलिस चोंकी भी हटा दी गई है। जिससे शहीद मदन लाल ढींगरा चौंक भी काफी खुला हो गया है। इसी कड़ी में सिविल अस्पताल के गेट के बराबर में अस्पताल के कुछ कमरे सड़क की और लगभग छह फुट आगे बढ़े हुए थे, हस्पताल प्रशासन द्वारा वो कमरे तोड़े गए हैं। जिससे राजकीय महाविद्यालय के गेट के सामने वाले गेट के आसपास खुला नजर आने लगा है। टीम जींद सुधार के सदस्य सुनील वशिष्ठ ने इस मामले में अस्पताल प्रशासन से बात कर इस दीवार को पीछे बनाने का आग्रह किया है। जिस पर प्रशासन ने सार्थक जवाब दिया है। उम्मीद करते हैं वो जनहित में ऐसा कर लेंगे। सुनील वशिष्ठ ने कहा कि एसपी कोठी की 12 फीट सड़क की तरफ बनाई गई दीवार, जिसके कारण सर छोटू राम चौंक काफी तंग था, जानकारी के मुताबिग कई वर्ष पहले एक वाहन सीधे एसपी कोठी की दीवार में टकरा गया था। जिसके बचाव में तत्कालीन एसपी ने यह दीवार बनवा ली थी। इस मामले जींद के वर्तमान एसपी कुलदीप सिंह ने भी खुद से पहल करते हुए जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य सुनील वशिष्ठ के साथ इस दीवार को हटवाने बारे चर्चा की। क्योंकि उनके पास जानकारी थी कि सुनील अतिक्रमण हटाओ मुहिम का हिस्सा रहे हैं। अब चूंकि भीतर की दीवार काफी पुरानी हो चुकी थी तो उसका पुनर्निर्माण जरूरी था। ऐसे में बाहर वाली दीवार हटाए जाने से पहले उसका निर्माण करना था। जिसके लिए पीडब्ल्यूडी और नगर परिषद दोनों विभागों से बात की गई लेकिन दोनों ने ही असमर्थता जाहिर कर दी क्योंकि उनके मुताबिक यह उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं थी। ऐसे में भीतर की दीवार को तोड़ दोबारा बनाने का कार्य और बाहर की दीवार हटवाने और मलबा उठवाने का कार्य टीम जींद सुधार अन्ना टीम ने खुद संभाला और यह कार्य लगभग पूर्ण होने को है।



एसपी आवास दीवार के साथ पड़ा मलबा।

ये रहे मौजूद

सुशील कुमार, महाबीर हिंदू, चंद्रकांत, राजेश कुमार, नरेश राणोलिया, अमन पांचाल, मन्नू, सचिन शर्मा, मनीष सैनी और नकुल शर्मा उपस्थित रहे।



उचाना। प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में विजेता रही प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

भाषण में स्नेहा और कविता पाठ में रमन अव्वल

उचाना। एसडी कन्या कॉलेज, उचाना मंडी में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के अंतर्गत भाषण एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. अंजू रानी ने की। सांस्कृतिक कार्यक्रम इंचार्ज नीरू बंसल ने छात्राओं को टैलेंट शो के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने तथा मंच पर आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया। प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को सामने लाने के साथ उनके आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भाषण प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की स्नेहा ने प्रथम, रमन ने द्वितीय तथा राधा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ प्रतियोगिता में रमन ने प्रथम तथा रितिक ने द्वितीय स्थान हासिल किया। डॉ. अंजू रानी ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है। आवश्यकता है कि उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए उचित मंच और अवसर मिले। उन्होंने छात्राओं को भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

खबर संक्षेप

सीएचसी राजौंद में आज स्वास्थ्य जांच शिविर

राजौंद। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 5 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) राजौंद में विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच की जाएगी तथा उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

जवाहर पार्क में लगी पुलिस की पाठशाला

कैथल। अक्टूबर माह को साइबर जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना साइबर क्राइम प्रभारी इंस्पेक्टर साहिल व एएसआई विनोद कुमार की टीम द्वारा जवाहर पार्क कैथल में "पुलिस की पाठशाला" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्क में मौजूद आमजन को साइबर अपराधों के बढ़ते खतरों और उनसे बचाव के उपायों बारे विस्तार से जागरूक किया गया।

पंजाबी सेवा सदन ने बांटी राशन सामग्री

कैथल। 4 अक्टूबर पंजाबी सेवा सदन परिसर में हर माह की तरह आज आर्थिक रूप से कमजोर जरूरतमंद परिवारों को राशन बांटा गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाबी सेवा सदन के प्रधान प्रदर्शन परुथी ने की। ।प्रधान प्रदर्शन परुथी ने बताया कि हर माह की तरह आज भी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को संस्था द्वारा राशन वितरित किया गया जो कि हर माह के पहले रविवार को दिया जाता है।

7 को निकाली जाएगी सेवा ज्योति यात्रा

कैथल। डीसी अपराजिता ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत 7 अक्टूबर को कैथल जिले के विभिन्न खंडों में भव्य सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को कार्यक्रम का ओवर ऑल इंचार्ज नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए रूट प्लान तैयार किया गया है।

सामुदायिक सहभागिता एवं पोषण पर दिया जोर

कैथल। महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी सपना ने बताया कि विभाग द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ब्लॉक कैथल शहरी के अर्जुन नगर, चंदाना गेट, पटेल नगर एवं अमरगढ़ गामड़ी सर्किल के आंगनवाड़ी केंद्रों पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के चौथे चरण के प्रथम दिवस का मुख्य विषय "सामुदायिक सहभागिता एवं पोषण" रहा।

सुदामा चरित्र का प्रसंग सुन भावुक हुए श्रद्धालु

पूंडरी। गांव फरल स्थित परशुराम धर्मशाला में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। वृंदावन से आए कथा व्यास आचार्य सूरज पराशर ने कथा के अंतिम दिन राजा परीक्षित के प्रसंग, यदुवंश का विनाश, सुखदेव जी की विदाई और भगवान श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता का भावपूर्ण वर्णन किया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत कौल के कुलतारण तीर्थ पर चलाया स्वच्छता अभियान

हम सब मिलकर अपने क्षेत्र को बनाएंगे विकसित: सतपाल जाम्बा

नागरिकों को दिया स्वच्छ एवं सुंदर शहर बनाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ढांड





ढांड। विधायक सतपाल जांबा अपनी टीम व ग्रामीणों के साथ कुलतारन तीर्थ पर सफाई अभियान चलाते हुए। फोटो: हरिभूमि

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि स्वच्छता का कार्य नेक व पुण्य का कार्य होता है। यदि हम दिल से सेवा करेंगे तो दिल को सुकून मिलता है। स्वच्छता का कार्य एक दिन का कार्य नहीं है, इसे हमें निरंतर चलाना है। गत 2 अक्टूबर को भी महात्मा गांधी के जन्म दिवस पर स्वच्छता अभियान चलाया गया था।

स्वच्छता अभियान को गति देने के लिए हम इसका दायरा बढ़ाते हुए गांव तक लेकर जाएंगे और दिन निर्धारित किए जाएंगे। पूंडरी विधायक सतपाल जाम्बा रविवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गांव कौल स्थित कुलतारण तीर्थ पर स्वच्छता अभियान के दौरान अपना संबोधन दे रहे थे। विधायक सतपाल जाम्बा ने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं है, हम सबकी भी जिम्मेदारी बनती है। इसलिए हमें स्वच्छता अभियान से जुड़कर स्वयं सफाई अभियान चलाना है वहीं अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। पंचायती भवनों व सरकारी भवनों को साफ सुथरा रखना भी बहुत जरूरी है। गांव में पशुधन रखने वाले किसान अपने गोबर को खेतों में डालना शुरू करें ताकि गांव साफ सुथरा रहे।

उन्होंने नागरिकों का आह्वान करते हुए कहा कि वह अपने गांव में एक दिन जरूर दें। अपने गलियों, मंदिरों और अन्य धार्मिक पवित्र स्थान में साफ सफाई अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि श्राद्ध चले हुए हैं और इन दोनों यदि हम कुलतारण स्थल पर पितरों की शांति के लिए सेवा करें। उन्होंने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से सीधे बातचीत करने का मौका मिला तो स्वच्छता पर विधानसभा पुंडरी के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने हम सभी को स्वच्छता अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

अधिक से अधिक पौधरोपण करें

पौधरोपण करने के साथ-साथ उनकी देखभाल भी करना बहुत जरूरी विधायक सतपाल जाम्बा ने कहा कि हमें पौधरोपण ज्यादा से ज्यादा करना चाहिए। पौधे लगाने के साथ-साथ उनके देखभाल करना भी बहुत जरूरी है। पूंडरी हल्के में लाखों पौधे लगाए जा चुके हैं और निरंतर पौधारोपण अभियान के तहत पौधे लगाने का अभियान जारी है।

हलके में चलाए जा रहे अनेक विकास कार्य

विधायक सतपाल जाम्बा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में देश व प्रदेश में अनेक विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। पूंडरी हलके में अनेक विकास कार्य करके आमजन को लाभ दिया जा रहा है। कौल गांव का कुलतारण तीर्थ भी बड़ा प्राचीन तीर्थ है इस तीर्थ का जल्द जीर्णोद्धार भी किया जाएगा। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड में इसकी फाइल जा चुकी है। इसको भव्य तीर्थ बनाया जाएगा। इसके अलावा पुंडरीक तीर्थ, फल्गु तीर्थ, कपिल मुनि तीर्थ व अन्य तीर्थ का जीर्णोद्धार करवाने के लिए केडीबी को फाइल भेजी जा चुकी है। फरल गांव में महाराणा प्रताप चौक से लेकर राजकीय कन्या स्कूल तक की सड़क का कार्य शुरू हो जाएगा। वहीं पुंडरी की सड़क का जो कार्य रुका हुआ था, वह भी सोमवार से शुरू होगा। कौल की सड़क का कार्य तकनीकी कारणों से अटका हुआ था और इस कार्य में काफी देरी हुई है, लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन अब इस मामले को सुलझा लिया गया है और जल्द ही कौल की सड़क बनकर तैयार हो जाएगी और लोगों को आवागमन में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर कुरुक्षेत्र के युवाओं के लिए जापान में खुलेंगे करियर के द्वार

- नवीन जिन्दल फाउंडेशन और जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन ऑफ वेल्फेयर सर्विसेज की पहल पर आयोजित होगा 'कुरुक्षेत्र जापान करियर कनेक्ट'

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के युवाओं को वैश्विक रोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर नवीन जिन्दल फाउंडेशन और जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन आफ वेल्फेयर सर्विसेज के सहयोग से 'कुरुक्षेत्र-जापान करियर कनेक्ट' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 5 अक्टूबर को दोपहर 12 से 2 बजे तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एम.वी. ऑडिटोरियम, युनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में होगा।

नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से रोहतक के पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, सांसद नवीन जिन्दल के संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह पूर्व आईएएस, युनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. सुनील ढींगरा और कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर के अधिकारी जापान के प्रतिनिधिमण्डल का स्वागत करेंगे। इस कार्यक्रम में जापान से आया प्रतिनिधिमंडल छात्रों से सीधे संवाद करेगा और उन्हें बताएगा कि जापान में रोजगार के लिए किन कौशलों की जरूरत है, जापानी भाषा का ज्ञान क्यों महत्वपूर्ण है, विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के क्या अवसर हैं और भारतीय युवा इन अवसरों तक पहुंचने के लिए किस प्रकार तैयारी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जापान में भारतीय युवाओं के लिए रोजगार के अनेकों अवसर उपलब्ध हैं। इनमें नर्सिंग केयर, निर्माण, मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रिकल-इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, कृषि, फूड सर्विस, होटल एवं अन्य क्षेत्र शामिल हैं। नवीन जिन्दल फाउंडेशन का प्रयास है कि कुरुक्षेत्र के युवाओं को दुनिया के बदलते रोजगार बाजार के अनुरूप तैयार किया जाए, ताकि उनकी शिक्षा और हुनर को अंतरराष्ट्रीय अवसरों से जोड़ा जा सके। 'कुरुक्षेत्र जापान करियर कनेक्ट' इसी विजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कौशल के दम पर हासिल करेंगे रोजगार

नवीन जिन्दल फाउंडेशन स्किल डेवलपमेंट के वाइस प्रेसिडेंट डॉ मनीष मिश्रा ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का है कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र का युवा रोजगार की तलाश में अवसरों का इंतजार करने वाला नहीं, बल्कि अपने कौशल के बल पर देश-दुनिया में अवसर हासिल करने वाला बने। इसी सोच के तहत नवीन अवसर के माध्यम से युवाओं को आधुनिक कौशल, व्यावसायिक प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय रोजगार की संभावनाओं से जोड़ने पर जोर दिया जा रहा है।

रामराय गांव में एक नवंबर को होगा 20वां ढुल खाप सम्मेलन : जगरूप

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

मिलकर काम करेंगे सभी पदाधिकारी



प्रवक्ता जगरूप ढुल ने कहा कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों की नियुक्ति पर कार्यकारिणी ने हाथ उठाकर सहमति जताई। उन्होंने कहा कि ढुल खाप की मजबूती और समाज के हित में सभी पदाधिकारी मिलकर कार्य करेंगे। प्रधान चौधरी हरपाल ढुल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां ईमानदारी और निष्ठा से निभाने की शुभकामनाएं दीं।

ढुल खाप के प्रवक्ता जगरूप ढुल ने बताया कि नौगामा खाप चबूतरे पर ढुल खाप कार्यकारिणी की बैठक प्रधान चौधरी हरपाल ढुल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी 20वें ढुल खाप सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सम्मेलन 1 नवंबर को रामराय गांव स्थित नौगामा खाप के चबूतरे पर आयोजित किया जाएगा। जगरूप ढुल ने बताया कि बैठक के दौरान ढुल खाप की कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया। मास्टर धर्म सिंह, सतबीर ढुल कोटड़ा, करण सिंह, सरदार छज्जा सिंह, सतपाल सिंह और रणधीर सिंह को उपप्रधान नियुक्त किया गया। राजबीर ढुल देवली दिल्ली को महासचिव, बलकार ढुल सेरधा को खजांची, इंद्र सिंह ढुल को प्रवक्ता तथा नरेश सरपंच पाई को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही युवा कार्यकारिणी, सोशल मीडिया, कानूनी और व्यापार प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। पूर्व विधायक परमिंद्र ढुल, सज्जन ढुल सहित 15 सदस्यों को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। वहीं रणधीर ढुल पौंकर खेड़ी सहित सदस्यों को शामिल कर मुख्य सलाहकार टीम का गठन किया गया है।

खिलाड़ियों ने लिया नशे से दूर रहने का संकल्प

- सेवा संकल्प अभियान के तहत हुए कार्यक्रम में 300 बच्चों एवं खिलाड़ियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



कैथल। योगाभ्यास करते खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

सेवा संकल्प अभियान के तहत छोटू राम इंडोर स्टेडियम में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों एवं बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर योग एवं हैंडबॉल के मैच आयोजित किए गए तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच गुरमीत सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर देता है। युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ना चाहिए।

उन्होंने कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं। खेल युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देने तथा उन्हें समाज के प्रति जिम्मेदार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर प्रशांत राय, जोगिंदर, अमरजीत, मस्तराम, विक्रम, संदीप डीपी, रजत मोर तथा भीम अवार्डी गुरमैल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं खेल प्रशिक्षक मौजूद रहे।

किया गया जागरूक

कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों ने "नशे को ना, खेलों को हां" का संदेश देते हुए नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। इस आयोजन में लगभग 300 बच्चों एवं खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग, हैंडबॉल प्रतियोगिताओं और पौधारोपण के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने, खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने, खेलों के प्रति प्रेरित करना था।



स्वरित ने तैराकी में जीते तीन मेडल

कैथल। ऐम स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आठवीं तैराकी कम्पीटिशन का आयोजन चार व पांच अक्तूबर को पलवल में आयोजित किया गया । इस कम्पीटिशन में आदर्श स्विमिंग अकैडमी के खिलाड़ी स्वरित जागलान ने तैराकी में तीन पदक हासिल किए ।आदर्श स्विमिंग अकैडमी के कोच अजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वरित ने 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में रजत पदक ,200 मीटर बटरफ्लाई में रजत पदक , 50 मीटर फ्री स्टाइल में कांस्य पदक हासिल किया ।खिलाड़ी स्वरित ने इससे पहले भी ओ. एस.डी..ए. स्कूल स्टेट प्रतियोगिता व स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित झज्जर में भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। स्वरित को बचपन से ही तैराकी का शौक था तो स्वरित ने तैराकी को खेल के रूप में अपनाकर अपने जिले कैथल का नाम रोशन किया। स्वरित जागलान आदर्श स्विमिंग अकैडमी में सुबह शाम स्विमिंग का अभ्यास करता है ।स्वरित गांव पट्टी अफगान का निवासी है। ओ.एस.डी.ए.वी पब्लिक स्कूल कैथल में 11वीं कक्षा का छात्र है।

प्लास्टिक का उपयोग हानिकारक

- सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



हैफेड के पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत प्लास्टिक का प्रयोग न करने का आह्वान करते हुए।

सेवा संकल्प अभियान के तहत बाल्मीकि चौक पर सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हैफेड के पूर्व चेयरमैन कैलाश भगत तथा प्रदेश प्रवक्ता राज रमन दीक्षित ने प्रमुख रूप से शिरकत की।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। पूर्व हैफेड चेयरमैन कैलाश भगत ने कहा कि प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग पर्यावरण, स्वच्छता और जीव-जंतुओं के लिए नुकसानदायक है। प्लास्टिक कचरे से नालियों में अवरोध पैदा होता है तथा भूमि और जल प्रदूषण की समस्या भी बढ़ती है। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाने में जनभागीदारी सुनिश्चित करना रहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में स्वच्छता अभियान चलाया हुआ है। प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी निरंतर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर स्वच्छता के बारे में लोगों को जागरुक कर रहे हैं। स्वच्छता एक महत्वपूर्ण विषय है, जिसको हम सभी ने अपनाना चाहिए। नागरिक स्वयं स्वच्छता अपनाने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी जागरूक जरूर करें।



कैथल। समारोह में नवीन मल्होत्रा का स्वागत करते पदाधिकारी।

पावन चरण पादुकाओं का ग्रेटर नोएडा पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने किया स्वागत

कैथल। शिर्डी से साईं बाबा की पावन चरण पादुकाएं ग्रेटर नोएडा पहुंचने पर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र को दुल्हन की तरह सजाया गया था। मां संतोषी साईं कृपा धाम, कुलेशरा, ग्रेटर नोएडा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में साईं भक्तों ने भाग लिया। चरण पादुकाओं के आगमन पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़े और विभिन्न धार्मिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। भव्य रथ पर साईं बाबा की पावन चरण पादुकाएं विराजमान थीं। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु साईं बाबा के जयकारे लगाते हुए नाचते-झूमते चल रहे थे। श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखते ही बनता था।मुख्य समारोह स्थल पर संस्था द्वारा विशाल पंडाल बनाया गया था।

धर्म-कर्म | मंत्री कृष्ण बेदी व युवा भाजपा नेता तुषार ढांडा ने शिरकत की

नगर के दुर्गा मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन ज्ञान, भक्ति और वैराग्य का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद



राजौंद। कथा के दूसरे दिन मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में कृष्ण बेदी व तुषार ढांडा व अन्य। फोटो: हरिभूमि

नगर के वार्ड नंबर 8 में स्थित दुर्गा मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास श्री पंडित अरविंद शास्त्री, चित्रकूट धाम ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण के विभिन्न आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन सुनाया। कथा के दूसरे दिन मुख्यातिथि के रूप में सामाजिक न्याय व अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग कल्याण के मंत्री कृष्ण बेदी व युवा भाजपा नेता तुषार ढांडा ने शिरकत की। कथा के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। बड़ी संख्या में महिलाओं सहित श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया।

सही ज्ञान के साथ भक्ति का होना आवश्यक

उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में भक्ति के साथ सही ज्ञान और वैराग्य का होना भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सांसारिक जीवन में रहते हुए मनुष्य को अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए भगवान के प्रति श्रद्धा और विश्वास बनाए रखना चाहिए। कथा के दूसरे दिन पंडित अरविंद शास्त्री जी ने ज्ञान, भक्ति और वैराग्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कथा के दौरान नारद जी और वेदव्यास जी के संवाद का सुंदर वर्णन किया गया। कथा के अनुसार महर्षि वेदव्यास ने अनेक ग्रंथों और पुराणों की रचना करने के बावजूद अपने मन में एक प्रकार की उदासी महसूस की। तब देवर्षि नारद जी ने उन्हें भगवान की भक्ति और भगवान के यश का वर्णन करने वाली कथा लिखने का मार्ग दिखाया। नारद जी ने बताया कि भगवान के नाम, रूप, गुण और लीलाओं का स्मरण एवं वर्णन करने से मनुष्य के हृदय को वास्तविक शांति प्राप्त होती है।

दिसंबर में दिल्ली में पड़ाव डालेंगे वर्कर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल



कैथल। प्रदर्शन करती आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मिड-डे-मील वर्कर्स।

कैथल जिले की स्कीम वर्करों जिनमें आशा वर्कर , आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व मिड-डे-मील वर्कर शामिल हैं , अपनी राष्ट्रीय फैडरेशनो के आह्वान पर हनुमान वाटिका कैथल में जुटी। यहां शकुन्तला , सुषमा जडौला व धूप सिंह खरकां के संयुक्त अध्यक्ष मण्डल की अगुवाई में एक सभा का आयोजन हुआ। सभा का संचालन सीटू नेता जयप्रकाश शास्त्री ने किया।

मजदूर संगठन सीटू के जिला अध्यक्ष सत्यवान, सचिव नरेश रोहेड़ा ,व नेत्रियों कविता राणा, सुमन नरड़, रीना भूसला ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर व मिड-डे-मील वर्कर स्वास्थ्य , पोषण व शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर रहीं हैं, लेकिन उचित वेतन के अभाव में खुद कुपोषण का शिकार हैं। उन्हें हरियाणा सरकार का न्यूनतम वेतन भी नही मिल रहा है।

सभा के बाद सांसद नवीन जिंदल के नाम एक ज्ञापन उनके कार्यकाल ईन्चार्ज अरविंद गोलन को दिया गया तथा अपील की कि सांसद महोदय के संज्ञान में लाया जाए , ताकि वे भारत सरकार तक हमारी मांगों व मुद्दों को हल करवाने में अपना योगदान देवें। दिसम्बर में देश भर से सभी राज्यों की स्कीम वर्करें व सीटू मजदूर तीन दिनों तक दिल्ली में डेरा डालेंगे। आज के कार्यक्रम में ममता सिरसल, मेनका मून्दडी, प्रकाशों कौल, पूनम लोहान, रीना, नीलम, रानी, रामपाल आदि भी शामिल हुए।

खबर संक्षेप



जींद। निरीक्षण करते हुए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने गांवों का किया निरीक्षण

जींद। फसल अवशेष जलाने की घटनाओं की रोकथाम एवं पराली प्रबंधन कार्यों की निगरानी के लिए रविवार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने सफीदों उपमंडल के गांव करसिंधू, जयपुर, भुरायण एवं ढाठरथ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने गांव करसिंधू एवं भुरायण में पराली अवशेषों के स्टॉक का जायजा लिया। वहीं गांव जयपुर में ब्रिकेट इकाई का दौरा कर स्थानीय लोगों से पराली अवशेष प्रबंधन के संबंध में जानकारी ली गई।



नरेंद्र वत्स बने फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल एसो. उचाना के प्रधान

उचाना। फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन उचाना की बैठक शनिवार को न्यू आर्य आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की नई कार्यकारिणी को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान एसोसिएशन के प्रधान साधुराम खटकड़ ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। बैठक में सर्वसम्मति से आरकेएसडी स्कूल तारखां संचालक नरेंद्र वत्स को फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन उचाना का नया प्रधान चुना गया।

फ्रॉड से बचने के लिए एडवाइजरी जारी

कैथल। प्रायः देखने में आ रहा है कि आजकल साइबर अपराधी फेसबुक, मैसेंजर या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिये नये नये तरीके अपना कर ब्लैकमेल कर रहे है। कैथल पुलिस द्वारा इस प्रकार के फ्रॉड से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि तकनीक के इस युग में लगभग हर व्यक्ति कंप्यूटर अथवा मोबाइल से जुड़ा हुआ है। ऐसे में अपराधी भी नये नये तरीके अपनाकर ठगी का शिकार कर रहे।

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने ईंटल कलां में कैंप का किया शुभारंभ

सेवा सेतु कैंप में ग्रामीणों को मिली सरकारी योजनाओं की जानकारी

■ पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सफल प्रशासनिक एवं लोक सेवा काल के उपलक्ष में पूरे प्रदेश में सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इस सेवाकाल के दौरान केंद्र सरकार ने देश के प्रत्येक वर्ग और पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुंचाया है।

हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह के कुशल मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने भी जनहितैषी योजनाओं को धरातल पर उतारा है। सरकार का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम और जरूरतमंद व्यक्ति तक सभी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाना है। डिप्टी स्पीकर रविवार को ईंटल कलां गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सेवा सेतू कैंप के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विभिन्न प्रशासनिक विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर जींद के एसडीएम सत्यवान सिंह मान, बीडीपीओ अक्षय दीप, शकूर खान समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी,



जींद। स्टॉल का निरीक्षण करते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा। फोटो : हरिभूमि

जींद सरपंच रामनिवास के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी तथा भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

डिप्टी स्पीकर ने सभी विभागों की स्टॉलों का अवलोकन किया और अधिकारियों व कर्मचारियों से प्रशासनिक प्रक्रियाओं की समीक्षा की। स्टॉलों के निरीक्षण के दौरान डिप्टी स्पीकर ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सरकार की मंशा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सशक्त बनाने की है। इसलिए अधिकारी सुनिश्चित करें कि किसी भी पात्र नागरिक को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में किसी भी प्रकार की असुविधा या तकनीकी अड़चन का सामना न करना पड़े। शिविर में आने वाले सभी आवेदनों का त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है कि हर पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पारदर्शी और सुगम तरीके से मिले तथा जनसमस्याओं का निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसी उद्देश्य से विभिन्न विभागों के अधिकारियों को एक ही स्थान पर उपस्थित कर नागरिकों की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने की व्यवस्था की गई है।

डा. मिड्ढा ने कहा कि सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण को ध्यान में रख कर संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा हो सकता है, जब पात्र लाभार्थियों तक इनकी जानकारी पहुंचे और उन्हें योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। सेवा सेतु जैसे अभियान सरकार और आमजन के बीच संपर्क को और मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि कैंप में आने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और शिकायत की प्रकृति के अनुसार संबंधित विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाए।

सुविधाओं में जींद का नक्शा तेजी से बदल रहा

डा. मिड्ढा ने कहा कि सरकार का निरंतर प्रयास है कि जनता को पारदर्शी, जवाबदेह, संवेदनशील और समयबद्ध प्रशासन उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने क्षेत्र में हो रहे बुनियादी ढांचागत सुधारों पर बात करते हुए कहा कि जींद जिले में अभूतपूर्व विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। नई सड़कों, स्वास्थ्य सुविधाओं, शिक्षा व्यवस्था और जनसुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से जींद का नक्शा तेजी से बदल रहा है। आने वाले समय में विकास की यह रफ्तार और तेज होगी। आज लोगों की सुविधा के अनुरूप विकास कार्य हो रहे है। उन्होंने कहा कि जल्द ही जींद के लोगों को भाखड़ा का स्वच्छ पानी पीने को मिलेगा इस पर भी तेजी से कार्य चला हुआ है। इसके अलावा लोगों की सुविधा के लिए सडक तंत्र को और मजबूत करने के लिए जींद को चारों ओर से जोडने के लिए बाईपास रोड़ का निर्माण करवाया जाएगा।

अध्यापकों का बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा जनहित कार्यों में रहता है योगदान



रोहित कुमार



राजा सिंह झिंझर



बूटा सिंह

जिला कैथल के उत्कृष्ट सेवाओं के लिए तीन अध्यापक हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला चीका

अध्यापक के कार्यों एवं सेवाओं को कभी भुलाया नहीं जा सकता क्योंकि उसका विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और जनहित कार्यों में विशेष योगदान होता है। यह विचार खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र दीक्षित ने अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर जींद में सम्मानित होने वाले शिक्षकों को बधाई देते हुए कहे। नरेंद्र दीक्षित ने कहा कि एक अध्यापक के सराहनीय प्रयासों से ही हम शिक्षा प्राप्त करके जीवन की बुलंदियों को हासिल करते हैं और अच्छी शिक्षा से ही हम सर्वोच्च पद प्राप्त करने में कामयाब रहते हैं। प्रसिद्ध समाजसेवी सुरेंद्र सिंगला, राज्य अध्यक्ष नीलम सिंगला व सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी शमशेर सिंह सिरोही ने पुरस्कार के लिए चुने गए अध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि अध्यापक समाज और राष्ट्र प्रगति की सबसे महत्वपूर्ण प्रथम इकाई है जिनकी अथक लगन और मेहनत के बदौलत समाज और राष्ट्र को समर्पित नागरिक व कर्मचारी प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर जींद में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में गुहला खंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अगौंध से पंजाबी अध्यापक बूटा सिंह तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिगढ़ किंगन से राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त गोल्ड मेडलिस्ट सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ राजा सिंह झींजर तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नैना धोस से राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त रोहित कुमार संस्कृत प्राध्यापक पुरस्कृत होंगे।

सम्मान अध्यापक समाज के लिए प्रेरणा

इस सम्मान समारोह का आयोजन केंद्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वाधान में मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल अर्बन स्टेट जींद में हो रहा है जिसमें राज्य के 130 उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले प्रतिभावान शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के राज्य प्रमुख महेंद्र सिंह धानिया ने श्रेष्ठ शिक्षक अवार्ड सम्मान समारोह को अध्यापक समाज के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा बताया है। उन्होंने कहा कि शिक्षक एवं गुरु का सम्मान भारतीय समाज की एक प्रतिष्ठित प्राचीन परंपरा रही है। नैना धोस स्कूल प्रधानाचार्य इंद्रावती, अगौंध स्कूल प्रधानाचार्य संजय सिंह, सेंट जॉन एम्बुलेंस इंटरनेशनल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजपाल पुनिया, एडवोकेट नेकराम, डॉ शबाब आलम, समाजसेवी राम मेहर काजल, वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ वीरमती सीडा, पूर्व सरपंच ओमपाल राणा, सरपंच सतीश कुमार तथा सुषमा देवी ने सम्मानित होने वाले चयनित अध्यापकों को बधाई दी।

देहरादून में सैन्य संस्थानों का भ्रमण कर युवाओं ने जाना अनुशासन और देशसेवा का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुलाना

माय भारत जींद की वॉलंटियर टीम ने देहरादून में आयोजित 07 दिवसीय वंदे मातरम कैम्प के दौरान भारत तिब्बत सीमा पुलिस एवं भारतीय सैन्य अकादमी का भ्रमण किया। इस दौरान युवाओं ने सैन्य संस्थानों की कार्यप्रणाली, अनुशासन, प्रशिक्षण एवं देशसेवा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। युवाओं ने सैन्य अधिकारियों से मुलाकात कर उनके अनुभवों को जाना और सेना में सेवा के विभिन्न पहलुओं को समझा।भारत तिब्बत सीमा पुलिस भ्रमण के दौरान सीमा सुरक्षा एवं जवानों की जिम्मेदारियों के बारे में भी जानकारी दी गई। भारतीय सैन्य अकादमी में



जुलाना। देहरादून में भ्रमण करते हुए युवा। फोटो : हरिभूमि

युवाओं ने सैन्य प्रशिक्षण, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा की भावना को करीब से समझा। टीम लीडर आशीष बूढा खेड़ा ने कहा कि सैन्य अकादमियों का यह भ्रमण युवाओं के लिए प्रेरणादायक अनुभव रहा और इससे उनमें देश के प्रति समर्पण व जिम्मेदारी की भावना और मजबूत हुई। उन्होंने कहा कि भारतीय सैन्य बल देश की सुरक्षा के साथ-साथ युवाओं के लिए अनुशासन, साहस और नेतृत्व का जीवंत उदाहरण हैं।

कैथल के दो साहित्यकारों को जनिका सम्मान-2026

सुरेश कुमार कल्याण और मधु गोयल मधुल को मिला सम्मान

■ दोनों साहित्यकारों की कृतियों का सम्मेलन में हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

साहित्य सभा कैथल से जुड़े कवि सुरेश कुमार कल्याण और मधु गोयल मधुल को हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी,पंचकूला और आदर्श जन सेवा एजुकेशन सोसायटी,डिंग (सिरसा) के संयुक्त तत्त्वावधान में सम्मानित किया गया।सिरसा के डिंग में स्थित आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय जनिका सम्मेलन, पुस्तक-विमोचन एवं जनिकाकार सम्मान-समारोह में सुरेश कुमार कल्याण को श्रेष्ठ कृति जनिका-संग्रह सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया।यह सम्मान उन्हें उनकी जनिका सतसई जीत निश्चित है- को श्रेष्ठ जनिका-संग्रह पाये जाने पर दिया गया।कार्यक्रम में उनकी इसी कृति जीत निश्चित है-का विमोचन भी हुआ। इसके अतिरिक्त इन्हें इसी कार्यक्रम में जनिका श्री सेवी सम्मान-2026 से भी सम्मानित किया गया।इसी क्रम में कैथल ही की महिला साहित्यकार मधु गोयल मधुल को जनिका श्री सेवी सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया।इसी कार्यक्रम में उनके जनिका-संग्रह मधु की मुस्कान- का लोकार्पण भी हुआ।कैथल के इन दोनों साहित्यकारों को प्राचार्य डॉ० शैलजा छाबड़ा,प्रो० रूप देवगुण, डॉ० राजकुमार निजात,डॉ० ज्ञान प्रकाश पीयूष और अविनाश कौशल ने अपने कर-कमलों से सम्मानित किया।इन दोनों साहित्यकारों को शॉल ओढ़ाकर, प्रशस्ति-पत्र एवं एक हज़ार रुपये की धन-राशि भेंटकर सम्मानित किया गया।साहित्य सभा कैथल के इन दोनों साहित्यकारों के सम्मानित होने पर इन्हें बधाई-संदेश मिल रहे हैं।



कैथल। सुरेश कुमार और मधु गोयल को सम्मानित करते पदाधिकारी।



पूर्व सैनिकों ने मीटिंग में कई अहम मुद्दों पर लिए फैसले : जगजीत फौजी

कैथल। पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल की अक्टूबर मास की मासिक मीटिंग एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एशियन गेम में सेना के जवानों व देश की युवा पीढ़ी ने जो खेलों में परचम लहराया है उसके लिए एसोसिएशन ने सभी को मुबारकबाद दी। मासिक लेखा-जोखा व मास की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई और 8 अक्टूबर को वायु सेना दिवस हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड कैथल पर मनाने बारे सभी को जानकारी दी और श्रद्धांजलि सभा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने के लिए बताया। 9 अक्टूबर को सब एरिया हेडक्वार्टर की ओर से ई सी एच एस पॉलीक्लिनिक कैथल में स्पर्श पेंशन शिविर की जानकारी दी। जयपुर हॉस्पिटल कैथल द्वारा निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन भी मीटिंग के समय पर किया गया। इसी प्रकार से वन रैंक वन पेंशन में भी इनके साथ केंद्र सरकार ने धोखा किया,इस लिए पूर्व सैनिकों में रोष है।



कांग्रेस चुनाव आयोग पर सवाल उठाकर जनादेश का अपमान कर रही : सुभाष

पूंडरी। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं मार्केट कमेटी चेयरमैन सुभाष हजवाणा ने कहा कि कांग्रेस के नेता चुनाव आयोग और लोकतांत्रिक प्रणाली पर हमला करके भारतीय संविधान और 140 करोड़ देशवासियों के जनादेश का अपमान कर रहे हैं। वे पूंडरी के वार्ड नंबर 2 में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। हजवाणा ने कहा कि विपक्ष जिस तरह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को निशाना बना रहा है, उसकी शुरुआत कांग्रेस के शासनकाल में ही हुई थी। कांग्रेस को देश और प्रदेश में 50 से 60 साल तक शासन करने का अवसर मिला, लेकिन भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टीकरण की राजनीति के कारण जनता ने उसे पूरी तरह नकार दिया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में मजबूत हुआ है। यही कारण है कि जनता भाजपा को बार-बार सत्ता में बैठने का अवसर दे रही है, जबकि कांग्रेस सहित पूरा विपक्ष हताश और निराश है।



रोहेड़ा स्टेडियम में दौड़, बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया

राजौंद। जिला खेल अधिकारी राज रानी ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रविवार को खंड राजौंद के गांव रोहेड़ा स्थित स्टेडियम में दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं बच्चों को नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक करना तथा खेलों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सभी खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने, अपने जीवन में सकारात्मक आदतें अपनाने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग देने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में ब्लॉक समिति सदस्य राकेश, कबड्डी कोच सुरेंद्र सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को खेलों के महत्व के बारे में बताते हुए नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।



बीमार महेंद्र सैणी की मदद के लिए आगे आए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री

उचाना। गंभीर आंतों की बीमारी से पीड़ित पालवां निवासी महेंद्र सैणी की आर्थिक मदद के लिए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री आगे आए हैं। महेंद्र के पिता का करीब दो वर्ष पहले निधन हो चुका है। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उसकी मां ने बीते दिनों विधायक से बेटे के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई थी। परिवार की स्थिति को देखते हुए विधायक ने सहायता उपलब्ध करवाई। विधायक की ओर से दी गई आर्थिक सहायता मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूर, मा. रामप्रसाद, पूर्व मंडी प्रधान सत्यनारायण मखंड, प्रमोद पालवां, सौरभ खरकभूरा, राजा शर्मा, रमेश खरकभूरा, मनोज अलीपुरा और राजू शर्मा ने परिवार तक पहुंचाई। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने सहायता के लिए विधायक का आभार जताया। इस पहल के माध्यम से जरूरतमंद परिवार की आर्थिक सहायता कर इलाज में सहयोग प्रदान किया गया।



सिसमौर में ब्राह्मण समाज का साप्ताहिक भाईचारा मिलन समारोह

पूंडरी। पूंडरी विधानसभा क्षेत्र के गांव सिसमौर स्थित सैनिक स्कूल में ब्राह्मण समाज का साप्ताहिक भाईचारा मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम कुमार शर्मा ने की। समारोह में ब्राह्मण समाज के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भाग लिया और आपसी भाईचारे, सामाजिक एकजुटता तथा समाजहित से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि समाज की मजबूती आपसी प्रेम, सहयोग और भाईचारे में निहित है। ऐसे साप्ताहिक मिलन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के लोगों को एक-दूसरे से जुड़ने तथा सामाजिक विषयों पर संवाद करने का अवसर मिलता है। उन्होंने समाज में आपसी सौहार्द बनाए रखने और मिल-जुलकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। विनोद निर्मल कलायत, सुरेश शर्मा, चरणजी लाल, प्रमोद शर्मा, विक्की, फरल, राजू डहोर तथा मनु शर्मा एडवोकेट सहित ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे।

कलायत में 11 अक्टूबर से श्रवण के ड्रामे से शुरू होगा रामलीला मंचन

कलायत। कलायत में 11 अक्टूबर से आज्ञाकारी पुत्र श्रवण के ड्रामे के साथ शिव रामलीला कल्ब द्वारा रामलीला मंचन की शुरूआत की जाएगी। राजा-महाराजों के दौर में कलायत मुढाढ़ 360 की राजधानी रहा है और इसकी गणना भगवान राम के छोटे भाई लक्ष्मण की वंशावली में होती है। इसलिए रामलीला मंचन का अलग ही जलवा देखने को मिलता है। बेहतरीन मंचन के लिए वरिष्ठ कलाकारों के सैंसर बोर्ड द्वारा बकायदा कलाकारों का चयन किया जाता है। इसके लिए कलाकारों में कठिन चयन प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। उपरांत रामलीला में रोल प्ले का अवसर मिल पाता है। इसी कड़ी में इस बार भी प्राचीन कपिल मुनि सरोवर तट पर महाराजा अग्रसेन पार्क परिसर में 11 अक्टूबर से शुरू होने वाले रामलीला के कलाकारों की चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। शिव रामलीला कल्ब निर्देशक मा.रमेश सरीन, सह निर्देशक नरेश गर्ग, प्रधान सोमनाथ राणा व उप प्रधान मोहन राणा की देखरेख में कलाकारों का चयन किया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

लेट लतीफी मैढ़ सुनार सभा ने की सरकार व प्रशासन से निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाने की मांग

करीब पांच लाख रुपये की अनुदान राशि जारी हुई थी

सांसद की अनुदान राशि मिलने के एक साल बाद भी धर्मशाला का काम शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

मैढ़ सुनार सभा जींद ने सुनार धर्मशाला के निर्माण को लेकर सरकार और प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है। सभा पदाधिकारियों का कहना है कि लोकसभा सांसद सतपाल ब्रह्मचारी की ओर से करीब एक वर्ष पहले धर्मशाला के निर्माण के लिए पांच लाख रुपये की अनुदान राशि जारी की गई थी लेकिन अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। सभा ने इस पर चिंता जताते हुए संबंधित विभागों से अनुदान राशि का उपयोग कर अधूरे निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करवाने की मांग की है। यह निर्णय स्थानीय महाराज अजमीढ़ भवन एवं सुनार धर्मशाला में प्रधान सत्यनारायण सोनी की अध्यक्षता में आयोजित सभा की मासिक बैठक में लिया गया। प्रधान सत्यनारायण सोनी, उपप्रधान रमेश वर्मा, नरेश सोनी और सचिव नरेंद्र भामा ने बताया कि सांसद की ओर से जारी अनुदान राशि के बावजूद एक साल से निर्माण कार्य शुरू नहीं होने से समाज के लोगों में चिंता है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला सामाजिक कार्यक्रमों के लिए महत्वपूर्ण स्थान है और इसके अधूरे कार्य को जल्द पूरा किया जाना चाहिए। बैठक में आगामी 26 अक्टूबर को महाराज अजमीढ़ जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय भी लिया गया। इस अवसर पर सुनार धर्मशाला में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं और समाज के लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई जाएगी।



जींद। मासिक बैठक में मौजूद मैढ़ सुनार सभा के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

नशे के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा

महासचिव राममेहर वर्मा ने बताया कि सभा की ओर से युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए सामाजिक अभियान भी चलाया जाएगा। इसके तहत सभा के सदस्य अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से गांवों और कॉलोनियों में पहुंचकर लोगों को जागरूक करेंगे। सभा पदाधिकारियों ने कहा कि समाज में बढ़ता नशा युवाओं के भविष्य और परिवारों पर गंभीर असर डाल रहा है। इसलिए युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सामूहिक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाना जरूरी है। सभा की ओर से इस दिशा में सरकार और प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों में हरसंभव सहयोग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में लिव इन संबंधों को लेकर भी समाज में जागरूकता फैलाने का निर्णय लिया गया।

गांव भाना में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

कैथल। गांव भाणा में पुरानी कहासुनी की रंजिश में एक युवक पर डंडे से हमला कर दिया। आरोप है कि श्मशान के गेट के पास पेड़ों के नजदीक खड़े दो युवकों ने रास्ते से गुजर रहे मनीष कुमार पर हमला कर दिया। डंडा दाहिने पैर पर लगने से वह सड़क पर गिर गया। शिकायत पर पूंडरी थाना पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव भाणा निवासी मनीष कुमार ने बताया कि करीब 10-12 दिन पहले उसका पड़ोसी राहुल के साथ कहासुनी हुई थी। 28 सितंबर की शाम करीब 7 बजे वह श्मशान के गेट से घर जा रहा था। रास्ते में पेड़ों के पास राहुल और सागर पहले से खड़े थे। आरोप है कि जैसे ही वह उनके पास से निकलने लगा तो सागर ने डंडे से उसके दाहिने पैर पर वार कर दिया। चोट लगने से वह सड़क पर गिर गया। इसके बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजन उसे पहले नागरिक अस्पताल कैथल ले गए, जहां से बाद में उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।